प्रतीक झा 'ओप्पी'

## शरीर के दो पुत्र

शरीर चुपचाप बैठा है
देख रहा है
अपने ही दो पुत्रों को
आपस में लड़ते हुए।

वह दुखी है
और गहरी चिंता में डूबा है
वह चाहता है
कि बुद्धि और वासना के बीच
प्रेम, सहयोग
और सम्मान की सरिता बहे।

पर बुद्धि
चाहती है सम्पूर्ण अधिकार
और यही लालसा
युद्ध का एकमात्र कारण
बन गई है।

## जो न गया सुप्रीम कोर्ट

निर्णय किसका बड़ा था
किसका था अधिक मूल्यवान?
जज साहब का
या उस शख़्स का
जो सुप्रीम कोर्ट तक पहुँचा
और अंततः रिहा हुआ।
जज साहब ने तो
सजा सुना दी थी
पर सोचो
जो न गया सुप्रीम कोर्ट तक
वो न जाने कितनी जेलों में
बिना आवाज़
पड़ा है आज भी।